# *Delhi Public School, Howrah*

**PERIODIC ASSESSMENT-II (2024-2025)**

**CLASS IX**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**विषय :- हिन्दी (अ) (002)**

**अवधि- 3 घंटे** **पूर्णांक-80**

**सामान्य निर्देश :-**

1. **इस प्रश्न पत्र में 4 खंड हैं - खंड-क,खंड-ख, खंड-ग और खंड-घ।**
2. **दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**
3. **लेखन कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखिए|**

**(खंड-क) (अपठित गद्यांश)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **7**

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि मानवीय गुणों का अधिकाधिक विकास विपरीत परिस्थितियों में ही होता है। जीवन में सर्वत्र इस सत्य के उदाहरण भरे हुए हैं। कष्ट और पीड़ा आंतरिक वृत्तियों के परिशोधन के साथ ही एक ऐसी आंतरिक दृढ़ता को जन्म देते हैं, जो मनुष्य को तप्त स्वर्ण की भाँति खरा बनाता है। विपत्तियों के पहाड़ से टकराकर उसका बल बढ़ता है। हृदय में ऐसी अद्भुत वृत्ति का जन्म होता है कि एक बार कष्टों से जूझकर फिर वह उनको खेल समझने लगता है। उसके हृदय में विपत्तियों को ठोकर मारकर अपना मार्ग बना लेने की वीरता उत्पन्न हो जाती है। मन की भाँति ही शरीर की दृढ़ता शारीरिक श्रम के द्वारा आती है। शारीरिक श्रम शरीर को बलिष्ठ बनाता है। विपत्तियों तथा परिश्रम की अग्नि में तपकर शरीर का लौह इस्पात बन जाता है। जब एक शायर ने कहा कि 'मुश्किलें इतनी पड़ीं मुझ पर कि आसां हो गईं', तो वह इस सत्य से परिचित था। चारित्रिक दृढ़ता के लिए जो कार्य कष्टों का आधिक्य करता है, शारीरिक दृढ़ता के लिए वही कार्य श्रम करता है। दोनों ही ऐसे हथौड़े हैं, जो पीट-पीटकर शरीर और मन में इस्पाती दृढ़ता को जन्म देते हैं। संसार में जो कुछ भी ऐश्वर्य, संपदाएँ, वैभव और उत्तम पदार्थ हैं, वे सब श्रम की ही देन हैं। श्रम मानव को परमात्मा द्वारा दी हुई सर्वश्रेष्ठ संपत्ति है। जहाँ श्रम की पूजा होगी, वहाँ कोई भी कमी नहीं रहेगी। आचार्य विनोबा भावे के शब्दों में, "परिश्रम हमारा देवता है, जो हमें अमूल्य वरदानों से संपन्न बनाता है। परिश्रम ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता है।" परिश्रम धरती पर मानव जीवन का आधार है। श्रम के अभाव में मनुष्य को दुखद परिस्थितियों में गिरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। श्रम दो प्रकार के होते है- शारीरिक और मानसिक। जरूरत है कि शारीरिक और मानसिक श्रम का संतुलन बनाए रखा जाए। दोनों के संतुलन में ही श्रम की

पूर्णता निहित है। अकेला मानसिक श्रम अपूर्ण है तो शारीरिक श्रम भी मानसिक श्रम के अभाव में अपूर्ण रह जाता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम जीवन में श्रम को स्थान दें और श्रम को जीवन-मंत्र बनाएँ ।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** **1X3=3**

1. **विपरीत परिस्थितियाँ कारण हैं-**

क) अनुकूल परिस्थितियों को रोकने का (ख) समस्या समाधान का

(ग) सामाजिक चुनौतियाँ स्वीकारने का (घ) मानवीय गुणों के विकास का

2. **मनुष्य को सोने जैसा शुद्ध बनाने में सहायक है-**

(क) शरीर की दृढ़ता (ख) मन की दृढ़ता

(ग) आंतरिक दृढ़ता (घ) विपत्तियों से टकराव

3. **विपत्तियों के बीच अपना मार्ग बना लेने की क्षमता कब उत्पन्न होती है?**

(क) बाधाओं से बचकर (ख) कष्टों से खेलकर

(ग) कष्टों से जूझकर (घ) साधन-संपन्न बनकर

**सोपान II. लघुत्तरात्मक प्रश्न-** **2X2=4**

4. **जो व्यक्ति विपत्तियों से टक्कर लेता है, उसका हृदय कैसा हो जाता है?**

5. **चारित्रिक दृढ़ता एवं शारीरिक दृढ़ता के लिए क्या आवश्यक है?**

(अपठित काव्यांश)

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **7**

हैं जन्म लेते जगह में एक ही
एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी
एक ही-सी चाँदनी है डालता
छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर-वसन
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर
भौंर का है बेध देता श्याम तन
फूल लेकर तितलियों को गोद में
भौंर को अपना अनूठा रस पिला
निज सुगंधों और निराले ढंग से
है सदा देता कली का जी खिला।
है खटकता एक सबकी आँख में
दूसरा है सोहता सुर-शीश पर।

किस तरह कुल की बड़ाई काम दे

जो किसी में हो बड़प्पन की कसर|

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** **1X3=3**

**1. कवि ने काँटे शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है?**

(क) सज्जन पुरुष के लिए (ख) दुर्जन पुरुष के लिए

(ग) शत्रु के लिए (घ) मित्र के लिए

**2. इस पद्यांश में किसे महत्व दिया गया है?**

(क) कुल गोत्र को (ख) चरित्र एवं स्वभाव को

(ग) चरित्र को (घ) स्वभाव को

**3. 'बड़प्पन' शब्द का आशय है-**

(क) बड़े लोग (ख) ऊँचे लोग

(ग) श्रेष्ठ गुण (घ) अमीर लोग

**सोपान II. लघुत्तरात्मक प्रश्न-** **2X2=4**

**4. इस काव्यांश के माध्यम से कवि क्या कहना चाहते हैं?**

**5. फूल और काँटे के स्वभाव में क्या अंतर है?**

**(खंड-ख-व्याकरण)**

**3. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त किन्हीं दो का प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए। (1X2=2)**

**प्रत्यय मूल शब्द**

(क) प्रकाशित

(ख) चतुराई

(ग) सुव्यवस्थित

**4. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त किन्हीं दो का उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए। (1X2=2)**

**उपसर्ग मूल शब्द**

(क) अपमान

(ख) निडर

(ग) धार्मिक

**5. निम्नलिखित समस्त पदों में से किन्हीं चार का समास-विग्रह कीजिए - (1X4=4)**

(क) चक्रधर -

(ख) नीलकमल -

(ग) रुपया-पैसा -

(घ) स्वर्गप्राप्त -

(ङ) चवन्नी -

**6. निर्देशानुसार किन्हीं <u>चार</u> वाक्यों का वाक्य परिवर्तन कीजिए- (1X4=4)**

(क) बीमार व्यक्ति अब चल-फिर सकता है। (प्रश्नवाचक)

(ख) अलिशा खाना नहीं बनाएगी। (विधानवाचक)

(ग) इस पुस्तक को पढ़ो। (निषेधवाचक)

(घ) तुम लौट आए। (विस्मयवाचक)

(ङ) सैनिकों ने शत्रुओं का सामना किया। (आज्ञावाचक)

**7.निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त किन्हीं <u>चार</u> अलंकारों के नाम लिखिए।**

(क) चारु चंद्र की चंचल किरणें, **(1X4=4)**
खेल रही थीं जल-थल में।

(ख) कनक कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय,
या खाए बौराय नर, वाह पाए बौराय।

(ग) मेरी भव बाधा हरो, राधा नागरि सोय।
जा तन की झाईं परै, स्यामु हरित दुति होय ॥

(घ) तरनि-तनूजा-तट तमाल तरुवर बहु छाए।

(ङ) काली घटा का घमंड घटा।

**<u>(खंड-ग- पाठ्यपुस्तक)</u>**

**8.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए- 1X5=5**

मगर यह कितनी बड़ी 'ट्रेजडी' है कि आदमी के पास फोटो खिंचवाने को जूता न हो। मैं तुम्हारी यह फोटो देखते-देखते, तुम्हारे क्लेश को अपने भीतर महसूस करके जैसे रो पड़ना चाहता हूँ, मगर तुम्हारी आँखों का यह तीखा दर्द भरा व्यंग्य मुझे एकदम रोक देता है।

तुम फोटो का महत्त्व नहीं समझते। समझते होते, तो किसी से फोटो खिंचाने के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे के कोट से वर-दिखाई करते हैं और माँगे की मोटर से बारात निकालते हैं। फोटो खिंचाने के लिए तो बीवी तक माँग ली जाती है, तुमसे जूते ही माँगते नहीं बने ! तुम फोटो का महत्त्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिंचाते हैं, जिससे फोटो में खुशबू आ जाए। गंदे-से-गंदे आदमी की फोटो भी खुशबू देती है।

**1. लेखक किस क्लेश को महसूस करके रोना चाहता है?**

(क) फोटो खिंचवाने के शौक को महसूस करके।

(ख) प्रेमचंद की स्थिति को महसूस करके ।

(ग) आम व्यक्ति की पारिवारिक स्थिति को महसूस करके।

(घ) लोगों के दर्द को महसूस करके।

**2. गद्यांश के आधार पर बताइए कि प्रेमचंद की फोटो देखकर लेखक -**

(क) प्रेमचंद पर व्यंग्य करता है।

(ख) प्रेमचंद की स्थिति पर निंतित है।

(ग) प्रेमचंद के कष्टों का अपने अंदर अनुभव करता है।

(घ) प्रेमचंद के फोटो की समीक्षा करता है।

**3. दुल्हे को दिखाने के लिए लोग क्या उधार माँग लेते थे? गद्यांश के आधार पर बताइए।**

(क) दूसरों से जूते।

(ख) दूसरों से कोट।

(ग) दूसरों से इत्र।

(घ) दूसरों से पैसे।

**4. फोटो का महत्त्व समझने' का आशय है**

(क) दिखावे में लोग अधिक विश्वास करते हैं ।

(ख) फोटो के लिए जूते माँगना।

(ग) कोट माँगकर फोटो खिंचवाना।

(घ) फोटो के लिए इत्र माँगना।

**5. लेखक को अपना दुःख व्यक्त करने से क्या रोक रहा है?**

(क) लेखक के आस-पास का परिवेश।

(ख) प्रेमचंद की फोटो।

(ग) प्रेमचंद की आँखों का दर्द भरा व्यंग्य।

(घ) प्रेमचंद की स्थिति।

**9. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। 2X3=6**

1. गया ने हीरा और मोती के साथ कैसा व्यवहार किया ?
2. लेखक को भिखारी के वेश में तिब्बत की यात्रा क्यों करनी पड़ी ?
3. 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर बताइए कि परसाई जी ने फोटो में प्रेमचंद के जूतों का वर्णन किस तरह किया है?
4. सालिम अली की दृष्टि में पक्षियों एवं प्रकृति को आदमी की नज़र से देखना उसकी भूल क्यों है?

**10. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए- 1X5=5**

क्या गाती हो ?
क्यों रह-रह जाती हो ?
कोकिल बोलो तो !
क्या लाती हो ?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो !
ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना,
मरने भी देते नहीं,तड़प रह जाना !
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यू आली ?

**(i) काव्यांश के आधार पर बताइए कि कोयल क्यों दुःखी हो जाती है?**

(क) भोजन न मिलने के कारण।
(ख) चोट लगने के कारण।
(ग) कैदियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के कारण।
(घ) अपने साथी कोयलों से बिछड़ने के कारण।

**(ii) काव्यांश के आधार पर बताइए कि कोयल किसे प्रेरणा प्रदान करने का कार्य कर रही है?**

(क) स्वतंत्रता सैनानियों को।
(ख) डाकुओं को।
(ग) चोरों को।
(घ) पॉकेटमारों को।

**(iii) कवि नरकीय जीवन कहाँ व्यतीत कर रहा है?**

(क) अपने घर में।
(ख) अंग्रेजों के कारागार में।
(ग) अपने मित्र के घर में।
(घ) जंगलों में।

**(iv) कविता के आधार पर बताइए कि कवि ने अंग्रेजी शासन को किसके समान बताया है?**

(क) सुबह की किरणों के समान।
(ख) अंधकार के समान।
(ग) कोयल के समान।
(घ) नर्क के समान।

**(v) ऊँची काली दीवारों से कवि का क्या आशय है?**

(क) जेल के अंधकार एवं निराशामय वातावरण से।

(ख) अंग्रेजी शासन से।

(ग) जेल के कमरे से।

(घ) बड़ी दीवारों से।

**11.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।** **2X3=6**

(क) गोपी कृष्ण की मुरली को होंठों पर क्यों नहीं रखना चाहती है?

(ख) कवि किन कष्टों के कारण रात भर जागता रहता था और कोयल से वह क्या जानना चाहता था ?

(ग) कबीर की दृष्टि में 'मानसरोवर' और 'सुभर जल' का क्या अर्थ है ?

(घ) 'वाख' कविता में मनुष्य को क्या सन्देश दिया गया है ?

**12. पूरक पाठ्य-पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए।** **(4x2=8)**

(क) जिन लोगों का बाढ़ से पहली बार सामना होता है, उनकी बाढ़ के पानी को लेकर कैसी उत्सुकता होती है ?

(ख) 'मेरे संग की औरतें',पाठ के आधार पर स्पष्ट करें कि लेखिका की दादी एक साहसी एवं निडर महिला थीं।

(ग) बाढ़ वाले दिन, गांधी मैदान का दृश्य कैसा था ? अपने शब्दों में लिखिए।

**<u>(खंड-घ- रचनात्मक लेखन)</u>**

**13. दिए गये संकेत- बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों मे से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-** **(6X1=6)**

**(क) कमर तोड़ती महँगाई।**

संकेत-बिंदु : • प्रस्तावना • महँगाई के कारण • आम आदमी का संकट • नियंत्रण के लिए उपाय।

अथवा

**(ख) मन के हारे हार है मन के जीते जीत।**

संकेत-बिंदु : • मन की दो स्थितियाँ • आशा-निराशा मन के दो पहलू • कर्मण्यता और अकर्मण्यता का कारण मन • असंभव को संभव बनानेवाला।

अथवा

**(ग) डिजिटल इंडिया मिशन।**

संकेत बिंदु : • अति उत्तम मिशन • क्रान्तिकारी कदम • देश की प्रगति में चार चाँद ।

**14.** अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल-भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए नगरपालिका अधिकारी को एक पत्र लिखिए।

अथवा **(5X1=5)**

मसूरी में रहने वाला आपकी मौसी का लड़का एक दुर्घटना में घायल हो गया है। सहानुभूति प्रकट करते हुए पत्र लिखिए।

**15.** सरकारी अस्पताल में फैली हुई अव्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए अपने नगर के मुख्य चिकित्सक अधिकारी महोदय को लगभग 100 शब्दों में **ई-मेल** लिखिए। **(5X1=5)**

अथवा

लगभग 100 शब्दों में एक **लघुकथा** लिखिए, जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो-

"जैसी करनी वैसी भरनी।"

**16.** दूरदर्शन पर आ रहे 'रियल्टी शो' को लेकर दो सहेलियों के मध्य **संवाद** लगभग **8**0 शब्दों में लिखिए। **(4X1=4)**

अथवा

आपके विद्यालय में हिंदी दिवस के अवसर पर कविता पाठ हेतु इच्छुक छात्रों को जानकारी देने हेतु एक **सूचना** 80 शब्दों में तैयार कीजिए।